पश्चिम रेलवे के सेवानिवृत्त/मृत कर्मचारियों के वारिसों को पेंशन, भविष्य निधि आदि का भुगतान

1507. **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी, 1985 से 31 सितम्बर, 1986 के दौरान पश्चिम रेलवे से सेवानिवृत्त होने वाले अथवा सेवा काल में ही मरने वाले ऐसे कितने कर्मचारी हैं जिन्हें अभी तक अन्तिम पेंशन लाभ, सामान्य भविष्य निधि, बीमा और अन्य बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(ख) ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के नाम क्या हैं जिन्हें बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जा सका और वे उस राशि को प्राप्त किए बिना ही मर गए ;

(ग) सरकार ने ऐसे व्यक्तियों के वारिसों को बकाया राशि का भुगतान करने के लिए क्या कदम उठाए हैं; और

(घ) इस राशि का कब तक भुगतान कर दिया जाएगा ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) से (घ) संबद्ध क्षेत्रीय रेलवे से सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने पुलों को चौड़ा किया जाना

1508 **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने किन बड़े पुलों को चौड़ा करने का कार्य चल रहा है तथा यह कार्य कब से चल रहा है तथा इसके कब तक पूरा हो जाने की आशा है ; और

(ख) सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने बड़े पुलों को चौड़ा करने के लिए किन नई योजनाओं पर विचार कर रही है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) राष्ट्रीय राजमार्गों पर मौजूदा पुलों को चौड़ा करने का कार्य सामान्यतः नए निर्माण कार्य को शामिल कर लेता है। तथापि निर्मित/पुनर्निर्मित किए जाने वाले बड़े पुलों की विस्तृत जानकारी देने वाला एक विवरण संलग्न है [देखिए परिशिष्ट CXL अनुपत्र सं० 62]

(ख) 7वीं पंचवर्षीय योजना कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 85 बड़े पुलों के निर्माण/पुनर्निर्माण का कार्य शामिल किया गया है ।

महिलाओं को शिक्षा

1509. **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार द्वारा देश में महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये क्या विशेष उपाय किये जा रहे हैं ; और

(ख) अगली पंचवर्षीय योजना में इस कार्य के लिये कितनी राशि का प्रावधान रखा जायेगा ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) : (क) महिलाओं में शिक्षा के प्रोत्साहन के लिये विशेष प्रयासों का उल्लेख राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वियन के लिये कार्रवाई योजना में किया गया है जिसे 8 अगस्त, 1986 को सभा पटल पर रखा गया था ।

2. महिलाओं/लड़कियों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये निम्नलिखित उपाय किये गये हैं:—

(i) कक्षा IX–XII की लड़कियों के लिए शिक्षा निःशुल्क बनाने के वास्ते "कक्षा IX–XII की लड़कियों से ली जाने वाली फीस की राज्यों/संघ शासित प्रदेशों